प्रेस नोट **03/07/2024**

<u>01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार कब्जे से चोरी का सामान बरामद–</u>

आज दिनांक 03.07.2024 को थाना दोहरीघाट पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर गोठा फोरलेन के पास से मु0अ0स0 137/2024 धारा 305 बीएनएस में प्रकाश में आये वांछित अभियुक्त हलचल पुत्र स्वं0 बब्बन निवासी भरतपुर थाना सुखपुरा जनपद बलिया को गिरफ्तार किया गया तथा उसके पास से उक्त अभियोग से सम्बन्धित चोरी की एक अदद चेन(पीली धातु) बरामद किया गया। इस सम्बन्ध में उक्त अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी कर चालान न्यायालय किया गया।

<u>01 वांछित सहित 02 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार–</u>

आज दिनांक 03.07.2024 को जनपद के विभिन्न थानों द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान थाना सरायलखन्सी पुलिस द्वारा जरिये मुखबिर की सूचना पर अलीनगर के पास से मु0अ0सं0 335/24 धारा 304 भादवि में वांछित अभियुक्त रवि सिंह पुत्र जयप्रकाश सिंह निवासी करिमुद्दीन पुर थाना कोतवाली जनपद आजमगढ़ तथा थाना कोपागंज पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्त पियुष राय पुत्र विजयशंकर राय निवासी मुगमात थाना कोपागंज जनपद मऊ एवं थाना मधुबन पुलिस द्वारा वारण्टी पिंकू तिवारी पुत्र पद्माकर तिवारी निवासी बहादुरपुर थाना रामपुर जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

आज दिनांक 03.07.2024 को पुलिस लाईन मऊ में आयोजित, **उत्तर प्रदेश पुलिस वाराणसी जोन, की 29वीं अन्तरजनपदीय कुश्ती क्लस्टर (महिला/पुरुष), कुश्ती, बॉक्सिंग, बॉडी बिल्डिंग व आर्म रेसलिंग दो दिवसीय प्रतियोगिता–2024 के समापन के अवसर पर श्री वैभव कृष्ण, पुलिस उपमहानिरीक्षक आजमगढ़ परिक्षेत्र आजमगढ़ द्वारा पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के साथ विजयी प्रतिभागियों को ट्राफी प्रदान कर उत्साहवर्धन किया गया।** उल्लेखनीय है कि उक्त प्रतियोगिता में वाराणसी जोन के 09 जनपदों क्रमशः जौनपुर, मिर्जापुर, आजमगढ़, सोनभद्र, गाजीपुर, बलिया, भदोही, वाराणसी व मऊ ने प्रतिभाग किया जिनमें 99 पुरुष व 25 महिला सहित कुल 124 खिलाड़ी शामिल रहे। इस दौरान फ्री स्टाइल कुश्ती (पुरुष) में जनपद जौनपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, ग्रिको रोमन स्टाइल कुश्ती (पुरुष) प्रतियोगिता व कुश्ती (महिला) प्रतियोगिता में जनपद भदोही ने प्रथम स्थान अर्जित किया एवं आर्म रेसलिंग (पुरुष) प्रतियोगिता में जनपद मऊ ने प्रथम स्थान अर्जित किया।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक श्री महेश सिंह अत्री सहित समस्त क्षेत्राधिकारीगण व भारी संख्या में पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।